दिन— शुक्रवार

दिनांक— 03 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पच्चीस लाख महिला लाभुकों के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस—दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी।

03. प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया।

04. और, नवरात्र का त्योहार सम्पन्न होने के बाद प्रदेशभर में दुर्गा प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अन्तर्गत पच्चीस लाख महिला लाभुकों के खाते में दस हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से पच्चीस सौ करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहेंगे। इस योजना का संचालन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत एक करोड़ दस लाख से अधिक लाभार्थियों ने इस योजना के लिए आवेदन दिए हैं। राज्य सरकार ने इस वर्ष अक्टूबर से दिसंबर तक महिलाओं को दस—दस हजार रुपए की सहायता राशि वितरण के लिए चौदह तिथियां निर्धारित की हैं। गौरतलब है इससे पहले छब्बीस सितबंर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का शुभारंभ करते हुए पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से सात हजार पांच सौ करोड़ की राशि हस्तांतरित की थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

———बाइट———

बिहार की बहनों—बेटियों के लिए कितना बड़ा यह कदम सरकार ने उठाया। जब कोई बहन या बेटी स्वरोजगार करती है तो उसके सपनों को नए पंख लग जाते हैं। समाज में उसका सम्मान और बढ़ जाता है।

इस योजना के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि प्रत्येक सप्ताह चयनित महिलाओं के खाते में योजना की राशि अंतरित की जायेगी।

———बाईट———

---

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी। आयोग की टीम चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श होगा। साथ ही चुनाव आयोग की टीम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा भी करेगी। इससे पहले आज निर्वाचन आयोग नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों के साथ बैठक करेगा। गौरतलब है कि चुनाव की तैयारियों को लेकर निर्वाचन आयोग लगातार अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा है। वरीय उप निवार्चन आयुक्त मनीष गर्ग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में मतदान केन्द्रों पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, ईवीएम और वीवीपैट की व्यवस्था तथा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने की भी समीक्षा की। श्री गर्ग ने अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती, आर्म्स रिकवरी, अन्तरराज्यी सीमाओं पर चौकसी, शराब जब्ती और संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये।

---

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर की गई कथित टिप्पणी की निंदा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि अगर श्री गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं, तो जनता कांग्रेस को वोट नहीं देगी। श्री प्रसाद ने ज़ोर देकर कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

———बाईट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं, लेकिन श्री गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान कर रहे हैं, यह देश को स्वीकार्य नहीं है।

———बाईट———

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों से हर वर्ष कम से कम पाँच –पांच हज़ार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की है। नई दिल्ली में खादी उत्पादों पर देशव्यापी छूट सेल का शुभारंभ करने के बाद श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी के विचार को और बढ़ावा दिया है।

———बाईट———

आज खादी ग्रामोद्योग का टर्नओवर एक लाख 70 हजार करोड़ तक पहुंचा। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है और मोदी जी ने मन की बात में स्वदेशी को भी फिर से उठाकर देश की जनता को, देश के आर्थिक विकास के साथ और मेक इन इंडिया के अभियान के साथ मतलब भारत को दुनिया का उत्पादन का हब बनाने के लिए जोड़ने का संदेश दिया और उससे प्रेरित होकर हजारों परिवारों ने तय किया है, कोई विदेशी वस्तु का उपयोग हम नहीं करेंगे।

---

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के चलते प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इस अवधि में बेगूसराय जिले के बरौनी में सबसे अधिक एक सौ साठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा, बक्सर और शिवहर समेत कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं, कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश और वज्रपात की आशंका है।

---

प्रदेश में नवरात्रि का त्योहार कल विजयादशमी के साथ संपन्न हो गया। विभिन्न भागों में गाजे–बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है। पटना, मुंगेर, गया और भागलपुर सहित विभिन्न शहरों में पुरानी सार्वजनिक पूजा समितियों द्वारा विसर्जन के दौरान गाजे–बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इधर, मूर्तियों के विसर्जन के लिए एनजीटी ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। एनजीटी के निर्णय के अनुसार नदियों में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिलों में प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के घाटों के समानांतर कृत्रिम तालाब तैयार किये गये हैं। पटना में गंगा नदी के किनारे जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से कृत्रिम कुंड बनाये गये हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम स्टेशनरी क्षेत्र में जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएच से जुड़े प्रदेश के नौ शहरों में बाईपास का निर्माण किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपौल, अरवल, मधेपुरा, और औरंगाबाद जिलों के नौ शहरों में बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। फिलहाल प्रदेश के सत्रह शहरों में बाईपास का निर्माण कार्य जारी है।

---

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण – आईडबल्यूएआई के सर्वे जहाज जाह्नवी ने गंगा नदी में जलमार्ग निर्माण के लिए बनारस से मुंगेर तक का सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया है। प्राधिकरण के अनुसार राष्ट्रीय जलमार्ग में बनारस से मुंगेर तक रेखांकित नदी के गाद को ड्रेजर मशीन से हटाया जायेगा। इससे कार्गो और यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।

---

केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों में व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी गयी हैं। इस अभियान का उद्देश्य कार्यकुशलता में सुधार लाना, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और नागरिक–केंद्रित शासन को सुदृढ़ बनाना है। यह सभी कार्यालयों में स्वच्छता, फ़ाइल प्रबंधन, शिकायत निवारण और ई–कचरा निपटान पर भी केंद्रित है। यह अभियान इस महीने की इकतीस तारीख तक चलेगा। इस माह के अंत में ये सभी विभाग चिन्हित स्थलों की सफाई और शिकायतों का निपटारा करेंगे तथा लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे।

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने द्वितीय इंटरस्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। अब तेईस हजार एक सौ पचहत्तर पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। आयोग ने कहा है कि इस विज्ञापन के लिए एक बार फिर ऑनलाईन आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन की प्रक्रिया पन्द्रह अक्टूबर से शुरू होकर सत्ताईस नवम्बर तक चलेगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पच्चीस लाख महिला लाभुकों के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी।

03. प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया।

04. और, नवरात्र का त्योहार सम्पन्न होने के बाद प्रदेशभर में दुर्गा प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।